तिलहन-उत्पादन का लक्ष्य

3193 **श्री रशीद मसूद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान तिलहनों का उत्पादन निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से कम हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ; और

(ग) क्या सरकार ने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उपाय किए हैं ; और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) (क) जी, हां ।

(ख) गत तीन वर्षों (1984–85 से 1986–87) के लिये तिलहन उत्पादन के लिए निर्धारित किये गए लक्ष्य क्रमश: 130, 136 और 148 लाख मीटर टन हैं। इन लक्ष्यों के मुकाबले उत्पादन क्रमश: 129.5, 111.15 और 125 (अनुमानित) लाख मीटर टन रहा ।

(ग) वर्ष 1984–85 से 17 राज्यों के चुने हुये जिलों में एक केन्द्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय तिलहन विकास परियोजना चलायी जा रही है । परियोजना कुछ आदानों पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है और विभिन्न आदानों की पूर्ति का प्रबंध करता है और किसानों को बड़े पैमाने पर तिलहनों की खेती शुरू करने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षेत्र प्रदर्शन आयोजित करता है। राष्ट्रीय तिलहन विकास परियोजना के अलावा 14 राज्यों के लिये खरीफ 1987 के लिये एक नयी प्रतिपादित परियोजना "तिलहन उत्पादन को आगे बढाने की परियोजना" अनुमोदित की गई है। इस नई परियोजना के अंतर्गत बीज उत्पादन, पौध संरक्षण छत्र, बीज के मिनी किटों का वितरण और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम इत्यादि पर बल दिया गया है ।

तिलहनों के उत्पादन के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता

3194. **श्रीमती रेणुका चौधरी** : क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए विस्तृत योजनायें बनाई हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा किन-किन राज्यों को कितनी-कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि ये राज्य तिलहन के उत्पादन में वृद्धि के के लिए दी गई वित्तीय सहायता का पूरा उपयोग नहीं कर पाये हैं और क्या यह भी सच हैं कि सरकार को संबंधित प्राधिकारियों से समय-समय पर रिपोर्ट मिलती रहती हैं और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाहियों का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) केन्द्र द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय तिलहन विकास परियोजना के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों को निर्मुक्त की गई धनराशि का ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न हैं (नीचे देखिये) ।

(घ) तिलहन विकास कार्यक्रम सन्तोषजनक ढंग से संचालित किया गया था और निधि की उपयोगिता लगभग 80 प्रतिशत और इससे अधिक थी । भौतिक तथा वित्तीय लक्ष्य दोनों के संबंध में प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्राप्त हो रही है और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रबोधन किया जा रहा है ।